‘अप्प दीपो भव’

वॉयस ऑफ बुद्धा

Postal Reg. No.-DL(ND)-11/6144/2016-18
WPP Licence No.- U(C)-101/2016
R.N.I. No. 68180/98

Date of Publication : 29.02.2016
Date of Posting on concessional rate :
2-3 & 16-17 of each fortnight

मूल्य : पाँच रूपये

प्रेषक : डॉ0 उदित राज (राम राज) चेयरमैन – जस्टिस पब्लिकेशंस, टी–22, अतुल ग्रोव रोड, क्नॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001, फोन : 23354841–42

Website : www.uditraj.com E-mail: parisangh1997@gmail.com

● वर्ष : 19 ● अंक 7 ● पाक्षिक ● द्विभाषी ● कुल पृष्ठ संख्या 8 ● 16 से 29 फरवरी, 2016

हरियाणा में आरक्षण की लड़ाई किसने लड़ी

अब तक की जो भ्रांतियां और दुविधा रही है, हरियाणा में हुए हाल में जाट आंदोलन से स्पष्ट हो जाना चाहिए। दलित समाज में चर्चा इसी बात की होती है कि सांसद और विधायक चुनकर जाते हैं और उनका मुंह बंद हो जाता है। इस हरियाणा के जाट आंदोलन का क्या सांसदों और विधायकों ने नेतृत्व किया? सांसद, विधायक, मंत्री तो पल्ला झाड़ते हुए नजर आए कि उनका इस आंदोलन से क्या लेना–देना? अब तक जो उल्टा हो रहा था, उसे सीधा करने की जरूरत है। सीधा यह है कि जिस तरह से जाट, गुर्जर, पटेल समाज का एक–एक बच्चा, महिला और पुरुष ने न जेल जाने की परवाह की और न ही जिंदगी की, आरक्षण लेने के लिए जंग में कूद पड़े। हमारे यहां दिनभर आलोचना करते रहते हैं कि डॉ0 उदित राज, श्री राम विलास पासवान, श्री रामदास आठवले आदि क्या कर रहे हैं? ये डरपोक और स्वार्थी लोग अब जाट समाज का अनुसरण करें और उन्हें किसी का सहारा लेने की जरूरत नहीं है। इकट्ठा होना सीखें और अपने अधिकार को लें।

जो समाज मजबूत होता है, उसी के अनुरूप उसका नेता काम करता है। एक पटेल या जाट नेता की बात इसलिए सुनी जाती है कि वे अगर अपनी जाति का आवाहन कर दें तो सरकार की हालत खराब हो जाएगी। उनका समाज रास्ते पर रुकावट करने से लेकर तमाम सम्पत्तियों को भी जला डालेगा। दूसरी जाति के नेताओं का भी चलना–फिरना बंद कर देगें। करनाल से सांसद – राजकुमार सैनी ने जाटों के आरक्षण का विरोध किया। परिणाम यह हुआ कि इनके संबंधियों के घरों पर तोड़–फोड़ हुई। इनके खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज हुई। जाटों के दबाव में पार्टी ने तलब किया। इसके विपरीत दलित समाज का नेता यदि आवाज दे तो उसको कोई ताक़त नहीं मिलती है। जनतंत्र की विशेषता है कि जैसी जनता वैसे ही उसका नेता। यह नहीं कहा जा रहा कि दबंग जातियों की तरह अधिकार लेने के लिए दुकान और थाने जला दें, औरतों की इज्जत लूट लें, सड़क और रास्ते जाम करके लोगों के लिए परेशानी पैदा कर दें, लेकिन शांतिपूर्वक तो लाखों की संख्या में इकट्ठा हो ही सकते हैं, लेकिन आज तक ऐसा शायद ही हुआ हो। डॉ0 उदित राज भाजपा में शामिल होकर अगर संसद में गए तो समाज की आवाज उठाने के लिए और वह करके दिखा भी दिया। जितना उन्होंने दलितों की समस्याओं और आरक्षण पर बोला है, क्या किसी और ने किया है। उनके आवाहन पर कितना समर्थन मिलता है? लोग चाहते हैं कि सबकुछ ठीक रहे, लेकिन दान–बलिदान न देना पड़े। एक सोच बन गयी है कि हमारे अकेले से क्या होने वाला है और लोग तो हैं ही। इसी तरह से बहुसंख्यक लोग करने लगते हैं। दुनिया के इतिहास में गरीब और वंचित लड़ा है लेकिन हमारे देश में अमीर संघर्ष कर रहे हैं। जिनके पास धन–सम्पत्ति, शासन–सत्ता है, वे भूख–प्सास बर्दाश्त करके लड़ रहे हैं, जेल जा रहे हैं, जबकि संघर्ष और त्याग वंचितों को करना चाहिए। पटेलों और जाटों की भागीदारी का आकड़ा छापा जा रहा है, उसे देखकर तो कुछ करो। अमीरों के पास मौज–मस्ती और आराम के इतने साधन भी हैं, फिर भी वे त्याग कर रहे हैं। पिछड़ों और दलितों के पास तो ऐसा कोई साधन भी नहीं है। इनके त्याग और संघर्ष की ताक़त के सामने अमीरों का तो नहीं के बराबर होना चाहिए।

दैनिक जागरण (28 फरवरी 2016) में प्रकाशित खबर के अनुसार पिछले दिनों जाट आरक्षण की मांग की आग में हरियाणा में भड़की हिंसा ने 20 से ज्यादा लोगों की जान चली गई, करोड़ों रूपए की प्रॉपर्टी का नुकसान हुआ। इससे पहले पिछले साल जुलाई, अगस्त में गुजरात में पटेल रिजर्वेशन की मांग को लेकर हिंसा भड़की थी। क्या है पटेल और जाटों की सोशल इकोनॉमिक कंडीशन। हार्दिक पटेल की गिरफ्तारी के बाद अहमदाबाद (गुजरात) में अचानक हिंसा भड़क उठी थी। देखते ही देखते राज्य के अन्य हिस्सों में भी हिंसा फैली। कहीं बसों में आग लगा दी गई तो कहीं पुलिस थानों और चौकियों पर हमला किया गया लेकिन रिजर्वेशन की मांग कर रही इन दोनों जातियों की जमीनी स्थिति क्या है। इकोनाकि, सोशल, पॉलिटिकल रूप से ये कितनी सक्षम है। यह जानने के लिए भास्कर ने इनके बारे में डिटेल जुटाई तो सामने आया कि दोनों ही जातियां मजबूत स्थिति में हैं।

देश में जाटों की आबादी आठ करोड़

- देश में जाटों की संख्या आठ करोड़
- के करीब है। जबकि गुजरात में ही पटेल1.2 करोड़ हैं।
- जाटों की मौजूदगी हरियाणा,
- हिमाचल प्रदेश, उत्तरराखंड,
- राजस्थान, दिल्ली, एमपी, बिहार,
- गुजरात में है।
- हरियाणा में अब तक बने 10
- मुख्यमंत्रियों में से कहने को 5 गैरजाट रहें हैं पर अभी तक केवल भजनलाल ही अपना टर्म पूरा कर पाए हैं।
- भगवत दयाल शर्मा, राव बीरेंद्र सिंह, बनारसी दस गुप्ता बहुत कम
- दिनों के लिए सीएम की कुर्सी पर रहे।

गुजरात में पांच पाटीदार रहे हैं सीएम।

- 1960 में गुजरात के बनने से अब
- तक कुल 15 मुख्यमंत्री हुए। इनमें से पांच पाटीदार रहे हैं।
- मौजूदा सीएम आनंदीबेन पटेल भी पाटीदार समाज से हैं।
- गुजरात में पाटीदारों की सरकार में उपस्थिति तो दमदार है ही उद्योगों
- और व्यापार में भी उनका दबदबा हैं।
- गुजरात में 15 से 20 पर्सेंट अर्थात 24 लाख पाटीदार करोड़पति हैं।
- 10 करोड़ रूपए से अधिक पूंजी इन्वेस्टर वाले कुल 6146 उद्योगों
- में से 1700 से अधिक उद्योग पाटीदारों की मालिकी के हैं।
- वहीं हरियाणा में खेती की कुल जमीन का 55 पर्सेंट हिस्सा जाटों
- को है।

✦✦✦

	गुजरात में पटेल	हरियाणा में जाट
जनसंख्या	**गुजरात की कुल जनसंख्या 6.20 करोड़ है। इसमें पाटीदारों की आबादी 1.20 करोड़।**	**हरियाणा की कुल जनसंख्या 2.53 करोड़ है। इसमें जाटों की संख्या करीब 63 लाख है।**
सांसद विधायक	गुजरात की राजनीति में पटेलों की स्थिति शुरू से ही काफी बेहतर रही है। गुजरात विधानसमा में 182 सदस्य हैं। इनमें 43 पाटीदार हैं इनमे से 35 विधायक भाजपा एवं आठ विधायक कांग्रेस के हैं। आनंदीबेन सरकार के मत्रिमंडल में कुल सात पाटीदार हैं। इनमें दो कैबिनेट तथा पांच राज्य श्रेणी के मंत्री हैं। छह पाटीदार सांसद भी हैं। एक केन्द्रीय मंत्री है।	प्रदेश के 15 सांसदों में 4 जाट सांसद हैं रोहतक से दीपेंद्र हुड्डा, हिसार से दुष्यंत चौटाला, भिवानी महेंद्रगढ़ से धर्मबीर सिंह और केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह। 90 सदस्यों वाली विधानसभा में 22 विधायक जाट हैं। राज्य के कृषि मंत्री ओपी धनखड़, वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सुभाष बराला भी जाट समुदाय से हैं।
शिक्षा और चिकित्सा	राज्य के कुल डॉक्टरों में आठ प्रतिशत पाटीदार। उच्च शिक्षा में कॉलेजों में कुल 5000 प्राध्यापक पाटीदार हैं। यह कुल का 8.33 फीसदी है। प्राथमिक स्कूलों में 1.25 लाख कुल शिक्षकों में लगभग 15 हजार पाटीदार हैं। यह लगभग 12 फीसदी है।	सीनियर मेडिकल अफसर के तौर पर जाट 7.44 प्रतिशत हैं। जबकि अग्रवालों की संख्या 19.42 प्रतिशत है। अरोड़ा खत्री 14.15 और ब्राह्मण 7.19 प्रतिशत हैं। शैक्षणिक संस्थानों में भी जाटों का प्रतिनिधित्व कम नहीं है। विश्वविद्यालयों व कॉलेज में 28 प्रतिशत पदों पर जाट हैं।
शासन और सरकार	2015 के आईएएस बैच में गुजरात कैडर से नौ नियुक्तियां हुई, इनमें तीन पाटीदार हैं। गुजरात सरकार में 2014 में बतौर आईएएस नियुक्त अधिकारियों में से 17 पाटीदार है। इनके अलावा गुजरात कैडर में आठ फीसदी आईपीएस पाटीदार हैं। वहीं सचिवालय में राज्य कैडर के सचिव एवं संयुक्त सचिव अधिकारी कुल 74 हैं।	हरियाणा में तैनात अखिल भारतीय सेवाओं में भी जाट अफसरों का 18.1 प्रतिशत है। हरियाणा सिविल सर्विस (एक्जीक्यूटिव एंड ज्युडिशियल) में जाटों की संख्या 18.24 प्रतिशत है। हरियाणा पुलिस सर्विस (सीधी भर्ती 35 पद) में सबसे ज्यादा जाट 17.14 प्रतिशत हैं। जिला रेवेन्यू अधिकारी के 35 पदों में जाट 18.14 प्रतिशत जाट है।
कृषि क्षेत्र	डेयरी उद्योग में 80 प्रतिशत पाटीदार हैं। कपास की फसलें 70 प्रतिशत पाटीदार की होती है और मूंगफली की 70 से 35 प्रतिशत फसलें पाटीदारों की हैं।	कृषि में जाटों का दबदबा है। हरियाणा की कुल जमीन का 55.33 प्रतिशत जाटों के पास है। जिसमें प्रमुख रूप से गेहूं और धान की खेती की जाती है।
निजी व्यवसाय नौकरियां	नौकरीपेशा पाटीदारों की संख्या दो से तीन फीसदी है। गुजरात विश्वविद्यालय के सामजिक विभागाध्यक्ष गौरांग जानी के अनुसार कृषि में भूमि के छोटे–छोटे हिस्सों में विभाजित होने, विदेश में बसे पाटीदारों द्वारा प्रेषित फंड से शिक्षा की ओर अग्रसर पाटीदार युवा बीते 10 सालों से स्वतंत्र व्यवसाय में भाग्य आजमाते नजर आ रहे हैं।	आढ़त के काम में 23.33 फीसदी जाट हैं। इसके अलावा प्रॉपर्टी डीलिंग में 68.77 फीसदी, ट्रांसपोर्ट के पेशे में 44 फीसदी, प्राइवेट नौकरियों में 35 फीसदी हैं। अच्छी खासी संख्या ममें डीलरशिप कार–बाइक और एर्जेसियां भी जाटों के पास हैं। इसके साथ ही होटल–रेस्त्रां के व्यवसाय में भी उनका दखल है।
	5 मुख्यमंत्री पटेल रहे हैं अब तक गुजरात में — 1960 में गुजरात के पृथक राज्य बनने से अब तक कुल 15 मुख्यमंत्री हुए। इनमें 5 पाटीदार रहे हैं। वर्तमान मुख्यमंत्री आनंदीबेन पटेल भी पाटीदार हैं।	**5 मुख्यमंत्री** जाट रहे हैं हरियाणा में — हरियाणा में अब तक बने 10 मुख्यमंत्रियों मे से 5 जाट रहे हैं। पांच गैर जाट मुख्यमंत्रियो में से केवल भजनलाल ही कार्यकाल पूरा कर पाए हैं।

परिसंघ की सदस्यता का विवरण भेजें

बार–बार आग्रह करने के बाद भी अभी तक अनुसूचित जाति/जन जाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ की जो सदस्यता की रसीदें जारी की गयी थी, वापिस नहीं आ सकी हैं। परिसंघ के प्रदेश, जिला, ब्लाक इकाइयों के पदाधिकारियों व शुभचिंतकों, जिनके पास सदस्यता की रसीदें हैं, वे नाम, मोबाइल नं., जिला एवं प्रदेश लिखकर नीचे लिखे प्रारूप में अतिशीघ्र parisangh1997@gmail.com पर ईमेल करें।

सदस्य का नाम	मोबाइल नं.	जिला	प्रदेश

– डॉ0 उदित राज,
राष्ट्रीय अध्यक्ष

कोढ़ में खाज

किसी भी दृष्टि से देखा जाए तो दलित आदिवासी अभी भी हासिए पर खड़े हैं। सच्चर कमेटी की रिपोर्ट में कहा गया था कि मुस्लिम नौकरी एवं शिक्षा में दलित से भी पीछे हैं। स्कूल ड्रापआउट के एक सर्वे के अनुसार कक्षा 1 से 5 तक अनुसूचित जातियो की संख्या 17.8, अनुसूचित जन जातियों की 14.4 प्रतिशत और मुस्लिम बच्चों की 13.6 प्रतिशत है और कक्षा 6 से 8 तक अनुसूचित जाति के बच्चे 22.2 प्रतिशत, जन जाति के 20.8 प्रतिशत एवं मुस्लिमों के 17.9 प्रतिशत है। इसके अनुसार भी दलित-आदिवासी सबसे पीछे पाए गए। दूसरी तरफ मुस्लिम समाज की भागीदारी उद्योग, शिक्षा, फिल्म, पत्रकारिता में ठीक-ठाक है, जबकि दलित अभी भी शून्य की स्थिति में हैं। केरल में कभी ईसाई शिक्षा और व्यापार में आगे थे लेकिन अब मुस्लिम उन्हें पीछे छोड़ चुके हैं। यह सबकुछ कहने का आशय यह है कि बिना आरक्षण तमाम जातियों एवं धर्मों के लोग कहीं न कहीं भागीदारी रखते हैं, लेकिन दलित-आदिवासी अभी भी जो कुछ कर पाएं हैं मात्र आरक्षण के ही सहारे।

आरक्षण इनकी जीवन रेखा है। अब तक फर्जी जाति प्रमाण-पत्रों के आधार पर सामान्य वर्ग के लोग नौकरियां हड़पते थे। कोई सर्वे नहीं हुआ है, इसलिए पुख्ता तौर से यह नहीं कहा जा सकता है कि ऐसे लोगों की गिनती कितनी है? सी.बी.आई. ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की जांच करते वक्त पाया कि फर्जी जाति प्रमाण-पत्रों पर सरकारी नौकरी करने वालों की संख्या लगभग 30 प्रतिशत है। हाल में जनप्रतिनिधियों के भी पदों पर डाकेमारी शुरू हो गयी है। हो यह रहा है कि दूसरी जाति के लोग दलित-आदिवासी महिलाओं से शादी करके जिला पंचायत सदस्य, प्रधान, बी.डी.सी. सदस्य, ब्लाक प्रमुख और विधायक तक बन रहे हैं। नाम के लिए सुरक्षित सीट होती है लेकिन हुकूमत सामान्य वर्ग के हाथ में होती है। पश्चिमी उ0प्र0 में बड़े पैमाने पर यह धांधली हो रही है।

हाल में जिला पंचायत का चुनाव उ0प्र0 में हुआ। राजनीतिक दलों ने अपने वोट के लालच में ऐसी जातियों को आरक्षित श्रेणी में शामिल करना शुरू कर दिया जो इसकी हकदार नहीं थी। जब यह मार पर्याप्त नहीं पड़ी तो दूसरा हथकंडा अपनाया जाने लगा। बड़े पैमाने पर दलित-पिछ्ड़ी महिलाओं से शादी करके सुरक्षित सीटें हथियाने लगे। पहले सामान्य जाति और मुस्लिम धर्म के लोगों को खतरा लगा कि कहीं ऐसा न हो कि पैसा खर्च करके दलित महिलाओं को जिला पंचायत सदस्य आदि बनाएं और बाद में सदस्यता रद्द हो जाए। अब ये दलित-पिछ्ड़ी महिलाओं को प्रेमजाल में फंसाकर शादी करके सुरक्षित सीटें हड़पने लगे। उत्तर प्रदेश में हाल में जिला पंचायत सदस्य के चुनाव हुए, जिसमें बिजनौर, सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद, अमरोहा, रामपुर, संभल, हापुड़, ग़ाजियाबाद में आधे से ज्यादा सुरक्षित सीटों पर उन महिलाओं ने कब्जा कर लिया, जिन्होंने अन्य जाति-धर्म में शादी कर ली है। इस बार के जिला पंचायत चुनाव में अधिकतर संख्या दलित से मुसलमान बनी महिलाओं की रही है, बिजनौर में 6, सहारनपुर में 7, मुजफ्फर नगर में 5, मुरादाबाद में 4, अमरोहा में 3 । यदि यही रफ्तार रही तो तेजी से विधान सभा और लोक सभा की भी सीटों की लूट शुरू हो जाएगी। जनसंख्या के अनुपात में मुसलमान ज्यादा हैं, जिन्होंने दलित पत्नियां बनाकर आरक्षित सीटों पर कब्जा किया है। इसका मुख्य कारण है कि उनके समाज में असानी से दूसरे धर्म से शादी करने की स्वीकृति मिल जाती है, जबकि हिन्दू समाज में मुश्किल होता है। मुस्लिम समाज में एक को तलाक करके दूसरे से शादी करना आसान है। हिन्दू समाज में जाति बहुत महत्त्व रखती है और एक जाति से दूसरी जाति में शादी करना आसान नहीं है। इस बढ़ती हुई प्रवृत्ति को रोकने के लिए अब कानून लाना जरूरी है।

सामान्य वर्ग के लोग फर्जी जाति प्रमाण-पत्र के आधार पर हजारों और लाखों की संख्या में नौकरी लिए हैं। पकड़े जाने पर विभागीय कार्यवाही इतनी शिथिल होती है कि ज्यादातर सेवानिवृत्त हो जाते हैं। सालोंसाल जवाब-सवाल होता रहता है, लेकिन शायद ही कोई कार्यवाही होती हो। अदालतों ने तो सारी सीमाएं पार कर दी हैं। अदालत में ऐसा मुकदमा गया कि नहीं दोषी लगभग बच जाता है। हरियाणा में एक सामान्य वर्ग के व्यक्ति ने फर्जी जाति प्रमाण-पत्र बनाकर आई.पी.एस. की नौकरी पा ली और जब पता लगा तो मामला अदालत में गया। अदालत की कार्यवाही इतनी लंबी चली कि वे महाशय सेवानिवृत्त भी हो गए। कुछ मामलों में तो अदालतों ने ऐसे फैसले सुनाएं हैं कि जब इतने दिन नौकरी कर लिया है तो कोई ठोस कार्यवाही करने की जरूरत नहीं है। न विभागीय कार्यवाही और न ही अदालत से कोई ठोस दंड मिल रहा है, इसलिए फर्जी जाति प्रमाण-पत्र लगाकर नौकरी लेने का डर भी नहीं है।

सरकार ने दलितों-आदिवासियों के उत्थान के लिए तमाम और कदम उठाए हैं, वहां भी वैसी धांधलियां हो रही हैं। पेट्रोल पंप और गैस एजेंसी के आबंटन में कोटा है, लेकिन ज्यादातर सवर्णो का परोक्ष रूप से कब्जा है। व्यापार करना आसान नहीं है और अनुसूचित जाति/जन जाति के लोग तमाम परेशानियों में घिर जाते हैं तो लिखित या अलिखित व्यापारिक समझौता सामान्य वर्ग से कर लेते हैं। यह भी सच्चाई है कि दलितों और आदिवासियों को व्यापार करने का अनुभव नहीं हुआ है, इसलिए उनके लिए कठिन तो है।

आरक्षण भागीदारी का अगर माध्यम है तो शिड्यूल्ट कास्ट सब प्लान एवं ट्राइबल सब प्लान आर्थिक उत्थान का। लगातार देखा यह जा रहा है कि योजनागत् बजट का जितना पैसा इनको आबंटित किया जाना है, उसका आधा ही होता है। यह आधा भी इन पर खर्च नहीं हो पाता। कॉमन वेल्थ गेम्स में दिल्ली सरकार ने 744 करोड़ शिड्यूल्ड कास्ट स्पेशसल कांपोनेंट प्लान से खर्च कर दिया था। इनके पैसे से कहीं जेल, कहीं सड़क या और निर्माण किया जा रहा है। पैसे का उपयोग नहीं हो पाता तो वापिस भी कर दिया जाता है या दूसरे विभाग को हस्तांतरित कर दिया जाता है। उद्देश्य यह है कि इस पैसे को इसी समाज के व्यक्ति, परिवार या बस्ती के विकास पर लगाया जाए और वही सही उपयोग है। आंध्र प्रदेश सरकार ने कानून बनाया कि इस पैसे को कहीं अन्यत्र खर्च नहीं किया जा सकता। अगर ऐसा होता है तो वह दंडनीय होगा। इसी तर्ज पर भारत सरकार के वित्तमंत्री से अनुसूचित जाति/जन जाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ की ओर से ज्ञापन देकर बिल पेश करने का अनुरोध किया गया है। यह भी देखा गया है कि इस पैसे का उपयोग अगर किसी क्षेत्र में कर दिया गया है तो यह दिखा दिया जाता है कि वहां दलित एवं आदिवासी भी रहते हैं, इसलिए प्रतिशत के हिसाब से खर्च उन पर डाल दिया जाता है, जबकि यह गलत है। नीति आयोग, मंत्रालय, प्रदेश सरकार एवं जिला स्तर पर ऐसे समर्पित लोगों की टीम हो या प्रकोष्ठ जो इस पर निगरानी रखे। यह भी देखे कि जो कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, क्या लाभदायी हैं?

जो हजारों वर्षों से शोषित हैं, उनको जो थोड़ा-बहुत मिला है, उस पर भी जब लूट हो तो क्या कहा जा सकता है? स्थिति वैसी ही है कि कोई व्यक्ति कोढ़ जैसी भयंकर बीमारी से परेशान हो और ऊपर से उस पर खुजली हो जाए तो उसकी क्या दशा होगी, यह जानना मुश्किल नहीं है।

– डॉ0 उदित राज

✦✦✦

मेडिकल की सीटों में 12,000 करोड़ रुपये की ब्लैक मनी का कारोबार

आपने किसी आईआईटी और एम्स में कंफर्म ऐडमिशन या सीट बुक करने वाला विज्ञापन नहीं देखा होगा, न ही आल इंडिया सिविल सर्विसेज में आपकी पसंदीदा सर्विस में चुने जाने का कोई विज्ञापन देखने को मिलता है। बावजूद इसके देश भर के मीडिया में एमबीबीएस सीट के विज्ञापनों की भरमार रहती है। ऐसे में सवाल उठता है कि अगर ऐडमिशन मेरिट के आधार पर होता है तो कोई डायरेक्ट ऐडमिशन का वादा कैसे कर सकता है।

हम आपको बताते हैं कि इस वादे के पीछे प्राइवेट कालेजों की मेडिकल सीटों का ब्लैक मार्केट है। कालेज मैनेजमेंट और एजेंट मिलकर प्राइवेट कालेजों में 30 हजार से ज्यादा एमबीबीएस और करीब 9600 पीजी की सीटें बेचने का काम करते हैं। हमारे सहयोगी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक इन सीटों में हर साल करीब 12 हजार करोड़ रुपये की ब्लैक मनी इधर से उधर होती है।

भारत में 422 मेडिकल कालेज में से 224 प्राइवेट हैं। इनमें एमबीबीएस की 53 फीसदी सीटें रहती हैं। इसमें से कई कालेजों में काफी कम सुविधाएं हैं। इनमें से कई का हाल तो ऐसा है कि यहां न तो मरीज हैं और न ही फैकल्टी। इसी एमबीबीएस की एक सीट की कीमत बेंगलुरु में 1 करोड़ रुपये और यूपी में 25 से 35 लाख रुपये होती है। रेडियोलॉजी और डर्मटोलॉजी की एक सीट की कीमत 3 करोड़ रुपये तक है।

इन सीटों के लिए पहले आओ. पहले पाओ का प्रावधान होता है। पहले से बुक करने पर आपको कुछ छूट भी दी जाती है। हालांकि एक बार मेडिकल प्रवेश परीक्षा के नतीजे घोषित होने पर प्राइवेट कालेजों में सीटों की कीमत दोगुनी हो जाती है। केवल एमबीबीएस की सीटें हर साल 9 हजार करोड़ रुपये में बिकती हैं। डीम्ड यूनिवर्सिटी या प्राइवेट कालेज अपने एंट्रेंस एग्जाम खुद कराने का दावा करते हैं ताकि मेरिट के आधार पर छात्रों का चयन हो। हालांकि कई राज्यों में इसका खुलासा हो चुका है कि पैसे वाले उम्मीदवारों को कम नंबर आने या एग्जाम में नहीं बैठने पर भी सीटें मिल जाती हैं। मेरिट वाले कई छात्रों को जबरन बाहर निकाला जाता है या किसी बहाने से बाहर कर दिया जाता है।

आपको बता दें कि ज्यादातर राज्यों में कालेज15 फीसदी सीटें एनआरआई कोटे के लिए रखते हैं। असल में ये सीटें भी बेची जाती हैं। इससे कहीं 50 तो कहीं 80 और कहीं. कहीं तो 100 फीसदी सीटें बेच दी जाती हैं। यह आंकड़ा हर राज्य में अलग.अलग होता है। एमपी और महाराष्ट्र में मैनेजमेंट कोटा 43 फीसदी है, इसमें एनआरआई कोटा मिला देने पर कुल 60 फीसदी तक हो जाता है। मेडिकल की पोस्ट ग्रैजुएशन सीटें करीब 23,600 हैं, इसलिए इनकी मांग और भी ज्यादा है। प्राइवेट सेक्टर में 9,400 सीटें हैं, जिसमें 1,300 डिप्लोमा सीट हैं। एक मोटे अनुमान के अनुसार इसमें से 40 फीसदी सीटें बेची जाती हैं। पीजी की सीटों की कीमत ही करीब 2,900 करोड़ रुपये है। प्राइवेट सेक्टर में 370 सुपर. स्पेशलाइजेशन सीटें हैं, जिसमें से भी 40 फीसदी बेची जाती हैं। इस तरह एमबीबीस के बाद की पढ़ाई का ब्लैक मार्केट करीब 3,000 करोड़ रुपये का है, जो कुल मिलाकर 12 हजार करोड़ रुपये का बैठता है। यह सारी रकम कैश में दी जाती है। खुलेआम यह सब होने के बावजूद सरकार ने अभी तक इस मामले में न तो कोई कार्रवाई की है और न ही इसे रोकने को कोई कदम उठया है।

रेमा नागराजन, नई दिल्ली

http://navbharattimes.indiatimes.com/india/Black-money-quota-25000-MBBS-PG-seats-at-Rs-12000-crore/articleshow/50780717.cms?prtpage=1

✦✦✦

मद्रास HC के जज करनन बोले, भारत में पैदा होने पर शर्मिंदा हूं

नई दिल्ली। मद्रास हाईकोर्ट से कलकत्ता हाईकोर्ट ट्रांसफर किए जाने से नाखुश मद्रास हाईकोर्ट के जज करनन ने इस फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा है कि मुझे भारत में पैदा होने पर शर्म आती है। करनन ने आरोप लगाया कि वे पिछ्ड़ी जाति से हैं इसलिए उनके साथ भेदभाव किया गया है।

SC की मद्रास हाईकोर्ट के जज को फटकार, केस देने से इनकार

बता दें कि जस्टिस जगदीश सिंह केहर और आर भानुमति की डिविजन बेंच ने सोमवार को यह आदेश दिया कि जस्टिस करनन को कोई भी केस न दिया जाए। इस पर विवादित जज ने सुप्रीम कोर्ट के दोनों जजों के खिलाफ एससी/एसटी (प्रिवेंशन ऑफ एट्रोसिटी) एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कराएंगे।

कोर्ट के निर्देश से पहले जस्टिस करनन ने सुप्रीम कोर्ट की तरफ से जारी किए गए उनके ट्रांसफर के आदेश पर खुद ही स्टे लगा दिया था। करनन ने ट्रांसफर करने के लिए सीजीआई टीएस ठाकुर से लिखित सफाई भी मांगी।

सुप्रीम कोर्ट के उन्हें केस दिए जाने पर रोक लगाए जाने पर करनन का कहना है कि मेरा ज्यूडिशियल पावर अब भी मेरे पास है। जज ने कहा कि मैं इस मामले में खुद संज्ञान लेते (सुओ-मोटो) चेन्नई पुलिस कमिश्नर को निर्देश दूंगा कि वे एफआईआर दर्ज कराएं।

करनन ने मद्रास हाईकोर्ट के सीनियर जज, चीफ जस्टिस संजय कौल पर प्रताड़ना और अपमान करने के मामले में केस दर्ज करने की धमकी देने का आरोप लगाया था। बता दें कि पिछले हफ्ते सीजीआई की अध्यक्षता वाले एक पैनल ने जस्टिस करनन का मद्रास हाई कोर्ट से कोलकाता हाई कोर्ट में ट्रांसफर कर दिया था।

http://www.inkhabar.com/national/13856-justice-karnan-stays-cji-order-of-his-transfer-to-calcutta-hc

कुछ विश्वप्रसिद्ध लोगो के धर्म के बारे में विचार

1. आचार्य चार्वाक –

आचार्य चार्वाक का कहना था, ''ईश्वर एक रुग्ण विचार प्रणाली है, इससे मानवता का कोई कल्याण होने वाला नहीं है।''

2. अजित केशकम्बल (523 ई. पू.)–

अजित केश्कंबल बुद्ध के सम-कालीन विख्यात तीर्थकार थे, त्रिपिटिका में अजित के विचार कई जगह आये हैं, उनका कहना था, ''दान, यज्ञ, हवन नहीं ....लोक परलोक नहीं।''

3. सुकरात (466-366 ई पू)– ''इश्वर केवल शोषण का नाम है।''

4. इब्न रोश्द (1126-1198) –

इनका जन्म स्पेन के मुस्लिम परिवार में हुआ था, रोश्द के दादा जामा मस्जिद के इमाम थे, इन्हें कुरान कंठस्थ थी। इन्होंने अल्लाह के अस्तित्व को नकार दिया था और इस्लाम को राजनैतिक गिरोह कहा था। जिस कारण मुस्लिम धर्मगुरु इनकी जान के पीछे पड़ गए थे। रोश्द ने दर्शन के बुद्धि प्रधान हथियार से इस्लाम के मजहबी वादशास्त्रियों की खूब खबर ली।

5. कॉपरनिकस (1473-1543) –

इन्होंने धर्म गुरुओं की पोल खोली थी, इसमें धर्मगुरु ये कह कर लोगों को मुर्ख बना रहे थे की सूर्य पृथ्वी के चक्कर लगाता है। कॉपरनिकस ने अपने प्रयोग से यह सिद्ध कर दिया की पृथ्वी सहित सौर मंडल के सभी ग्रह सूर्य के चक्कर लगाते हैं, जिस कारण धर्म गुरु इतने नाराज हुए की कॉपरनिकस के सभी सार्थक वैज्ञानिकों को कठोर दंड देना प्रारंभ कर दिया।

6. मार्टिन लूथर (1483-1546) –

इन्होंने जर्मनी में अन्धविश्वास, पाखंड और धर्गुरुओं के अत्याचारों के खिलाफ आन्दोलन किया इन्होने कहा था 'व्रत , तीर्थयात्रा , जप, दान आदि सब निरर्थक है।'

7. सर फ्रेंसिस बेकन (1561-1626)–

अंग्रेजी के सारगर्भित निबंधो के लिए प्रसिद्ध हुए, तेइस साल की उम्र में ही पार्लियामेंट के सदस्य बने , बाद में लार्ड चांसलर भी बने । उनका कहना था, ''नास्तिकता व्यक्ति को विचार, दर्शन, स्वभाविक निष्ठा, नियम पालन की ओर ले जाती है, ये सभी चीजें सतही नैतिक गुणों की पथ दर्शिका हो सकती हैं ।

8. बेंजामिन फ्रेंकलिन (1706-1790) –

इनका कहना था, ''सांसारिक प्रपंचो में मनुष्य धर्म से नहीं बल्कि इनके न होने से सुरक्षित है।''

9. चार्ल्स डार्विन (1809-1882) –

इन्होंने ईश्वरवाद और धार्मिक गुटों पर सर्वाधिक चोट पहुंचाई, इनका कहना था, ''मैं किसी ईश्वरवाद में विश्वास नहीं रखता और न ही आगामी जीवन के बारे में।''

10. कार्ल मार्क्स (1818-1883) –

कार्ल मार्क्स का कहना था, ''इश्वर का जन्म एक गहरी साजिश से हुआ है और धर्म एक अफीम है। उनकी नजर में धर्म विज्ञान विरोधी, प्रगति विरोधी, प्रतिगामी, अनुपयोगी और अनर्थकारी है, इसका त्याग ही जनहित में है।

11. पेरियार (1879-1973) –

इनका जन्म तमिलनाडु में हुआ और इन्होंने जातिवाद, ईश्वरवाद, पाखंड, अन्धविश्वास पर जम कर प्रहार किया।

12. अल्बर्ट आइन्स्टीन (1879-1955)–

विश्वविख्यात वैज्ञानिक का कहना था, ''व्यक्ति का नैतिक आचरण मुख्य रुप से सहानभूति, शिक्षा और सामाजिक बंधन पर निर्भर होना चाहिए, इसके लिए धार्मिक आधार की कोई आवश्यकता नहीं है। मृत्यु के बाद दंड का भय और पुरस्कार की आशा से नियंत्रित करने पर मनुष्य की हालत दयनीय हो जाती है।''

13. भगत सिंह (1907-1931) –

प्रमुख स्वतन्त्रता सेनानी भगत सिंह ने अपनी पुस्तक, 'मैं नास्तिक क्यों हूं?' में कहा है कि मनुष्य ने जब अपनी कमियों और कमजोरियों पर विचार करते हुए अपनी सीमाओं का अहसास किया तो मनुष्य को तमाम कठिनाईयों का साहस पूर्ण सामना करने और तमाम खतरों के साथ वीरतापूर्ण जूझने की प्रेरणा देने वाली तथा सुख दिनों में अतिउत्साहित न हो जाये इसे रोकने के लिए इश्वर की कल्पना की गयी है।

14. लेनिन –

लेनिन के अनुसार जो लोग जीवन भर मेहनत मशक्कत करते हैं और आभाव में जीते हैं, उन्हें धर्म इहलौकिक जीवन में विनम्रता और धैर्य रखने की तथा परलोक में सुख की आशा से सांत्वना प्राप्त करने की शिक्षा देता है, परन्तु जो लोग दूसरों के श्रम पर जीवित रहते हैं उन्हें इहजीवन में दयालुता की शिक्षा देता है, इस प्रकार उन्हें शोषक के रुप में अपने सम्पूर्ण अस्तित्व का औचित्य सिद्ध करने का एक सस्ता नुस्खा बता देता है।

15. गौतम बुद्ध –

बुद्ध कहते है की भगवान नाम की कोई चीज नही है! भगवान के लिये अपना समय नष्ट मत करो, केवल सत्य ही सबकुछ है। अतः भले ही धर्म प्राचीन समय के समाज की आवश्यकता रहा हो परन्तु वह एक अन्धविश्वास ही था जो अपने साथ कई अन्धविश्वासों को जोड़ता चला गया। धर्म और अन्धविश्वास दोनों एक दूसरे के पूरक हैं, अंधविश्वासों का जन्म भी उसी तरह हुआ जिस तरह भांति-भांति के धर्मो का।

इन धर्म के नाना प्रकार के अन्धविश्वासों के शिकार भी प्रायः गरीब लोग ही होते थे, सुविधाओं के आभाव उन्हें विज्ञान और सच से काट देता था और वो गृहकलेश, बीमारी , प्राकृतिक आपदाओं, निर्धनता आदि समस्याओं के समाधान के लिए टोना टोटके, तांत्रिकों, बाबाओं, मौलवियों, ज्योतिषियों, ओझाओं आदि के चक्कर में फंस जाते हैं।

✦✦✦

इतिहासकारों का दावा महिषासुर के नाम पर है मैसूर, वह राक्षस था पर उसमें भी थे अच्छे गुण

मैसूर यूनिवर्सिटी के एनशियंट हिस्टी और आर्कियोलॉजी विभाग के पूर्व प्रमुख्र प्रोफेसर एवी नरसिम्हा मर्ति बताते है, मैसूर का नाम महिषासुर की कथा से आया है। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि महिषासुर को अच्छे राक्षस के रूप में देखा गया। कई इतिहासकारों और किवदंतियों के मुताबित कर्नाटक का मैसूर शहर का नाम महिषासुर के नाम पर पड़ा। स्थानीय कथाओं के अनुसार राक्षस महिषासुर के नाम पर इस जगह का नाम मैसूर हुआ। महिषासुर को चामुंडेश्वरी देवी ने मारा था। मैसूर नाम का मतलब महिषासुर की धरती भी होता है। यहां पर केवल एक पहाड़ी का नाम ही चामुंडेश्वरी देवी के नाम पर है। यहां के लोगों को भी महिषासुर के नाम पर शहर का नाम होने से कोई परेशानी नही है। मैसूर और चामुंडेश्वरी पहाड़ी पर महिषासुर की मूर्ति भी लगी हुई है। मैसूर यूनिवर्सिटी के एनशियंट हिस्ट्री और आर्कियोलॉजी विभाग के पूर्व प्रमुख प्रोफेसर एवी नरसिम्हा मूर्ति बताते है मैसूर का नाम महिषासुर की कथा से आया है। ऐसा शायद इसलिए हुआ क्योंकि महिषासुर को अच्छे राक्षस के रूप में देखा गया। पुराणों में अच्छे और बुरे राक्षस हुए है और महिषासुर को अच्छा राक्षस माना गया। अशोक के समय मिले दस्तावेजों से पता चलता है कि उस समय बौद्ध धर्म के प्रचार के लिए महिषा मंडल था। महिषासुर की कहानी उसके बाद आती है लेकिन मैसूर का नाम वहीं से लिया गया। अन्य इतिहासकार बी शेख अली भी ऐसा ही मानते हैं। उनका कहना है कि मैसूर का नाम चामुंडेश्वरी और महिषासुर की कहानी पर ही रखा गया है। वह कहते कि पौराणिक कथाओं के अनुसार चामुंडेश्वरी ने महिषासुर का संहार किया। मैसूर का नाम महिषासुर से ही आया है। यह पौराणिक कथा पर अधारित है न कि ऐतिहासिक चरित्र पर। शेख के अनुसार टीपू सुलतान मैसूर का नाम मंजराबाद रखना चाहते थे। लेकिन अंग्रेजों से हार के चलते ऐसा नही हो पाया। बाद के राजाओं ने मैसूर नाम को ही अपनाया। मैसूर युनिवर्सिटी के पूर्व इतिहासकार पीवी नंजराज उर्स बताते है कि यह जगह पहले येम्मे नाडु या भेसों की धरती के नाम से जानी जाती थी। बाद में यह महिषा नाडु हो गई। मेरा मानना है कि इसके चलते ही यहां का नाम मैसूर हो गया। वहीं देवी पुराण की कथा के अनुसार इस जगह पर महिषासुर के नाम के राक्षस का शासन था। देवी देवताओं की प्रार्थना के बाद पार्वती ने चामुंडेश्वरी के रूप में जन्म लिया और महिषासुर का वध किया। यह भी एक तथ्य ही है कि देश भर की आदिवासी प्रजातियां महिषासुर को मानती है। लातेहार नेतारहाट के सखुयापानी गांव की रहने वाली सुषमा असुर ने कहा कि हम सभी एक ही धरती मां के गर्भ से पैदा हुए हैं। लड़ाई खत्म होने वाली नहीं है लेकिन हम मानते है कि महिषासुर हमारे राजा थे और दुर्गा ने गलत ने गलत तरीके से उनकी हत्या कर दी। पक्षपातपूर्ण तस्वीर क्यों पेश की जानी चाहिए। हमारे यहां महिषासुर की मूर्ति नहीं है। हम उन्हें दिल मे रखते हैं। कई पीढ़ियों से होकर हम तक पहुंचे रीती रिवाजों में हमें सही सिखाया गया है कि हम उस रात एहतियात बरतें जब महिषासुर का वध हुआ था। हमारे समुदाय के लोग अपनी नाभि, कान, नाक और उन जगहों पर तेल लगाते है, जहां दुर्गा के त्रिशूल के वार से महिषासुर के शरीर से खून निकलते दिखाया गया है। सुषमा असुर समुदाय से है, जिसे अधिकारिक तौर पर प्रिमिटिव ट्राइब ग्रुप के तौर पर वर्गीकृत किया गया है। इसकी झारखंड में तादाद 10 हजार से भी कम है। एक्सपर्टस का कहना है कि राक्षसों के इस राजा की पूजा और उसी मौत का शोक झारखंड, बिहार, पश्चिमी बंगाल और मध्य प्रदेश के आदिवासी समूहों में मनाया जाता है।

http://www.jansatta.com/national/mysore-name-comes-from-mahishasura-say-historians/72452/?utm_source=JansattaHP&utm_medium=referral&utm_campaign=jaroorpadhe_story

✦✦✦

पदाधिकारियों, सुभचिंतकों व समर्थकों के मो. नं भेजें

अनुसुचित जाति/जन जाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ के पदाधिकारियों से आग्रह है कि वे अधिक से अधिक संख्या में साथियों के मोबाइल नं. भेजें। ये मोबाइल नं. दो श्रेणियों में विभाजित करके भेजें। श्रेणी-A में परिसंघ के नेताओं और महत्त्वपूर्ण लोगों के नंबर होने चाहिए और श्रेणी–B में अन्य सामाजिक लोगों और सहयोगियों के नंबर होने चाहिए। इन्हें नीचे लिखे प्रारुप में parisangh1997@gmail.com पर ईमेल करें। किसी भी स्थिति में नम्बर ऐसे हों जो एस.एम.एस. प्राप्त करने पर कद्र करें।

नाम	मोबाइल नं.	जिला	प्रदेश

– डॉ0 उदित राज,
राष्ट्रीय अध्यक्ष

पाठकों से अपील

'वॉयस ऑफ बुद्धा' के सभी पाठकों से निवेदन है कि जिन्होंने अभी तक वार्षिक शुल्क/शुल्क जमा नहीं किया है, वे शीघ्र ही बैंक ड्रॉफ्ट द्वारा 'जस्टिस पब्लिकेशंस' के नाम से टी-22, अतुल ग्रोव रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001 को भेजें। शुल्क 'जस्टिस पब्लिकेशंस' के खाता संख्या 0636000102165381 जो पंजाब नेशनल बैंक की जनपथ ब्रांच में है, सीधे जमा किया जा सकता है। जमा कराने के तुरंत बाद इसकी सूचना ईमेल, दूरभाष या पत्र द्वारा दें। कृपया 'वॉयस ऑफ बुद्धा' के नाम ड्राफ्ट या पैसा न भेजें और मनीआर्डर द्वारा भी शुल्क न भेजें। जिन लोगों के पास 'वॉयस ऑफ बुद्धा' नहीं पहुंच रहा है, वे सदस्यता संख्या सहित लिखें और संबंधित डाकघर से भी सम्पर्क करें। आर्थिक स्थिति दयनीय है, अतः इस आंदोलन को सहयोग देने के लिए खुलकर दान या चंदा दें।

सहयोग राशिः

पांच वर्ष : 600 रुपए
एक वर्ष : 150 रुपए

जाति अभी गयी नहीं

शिक्षित लोगों में जब चर्चा होती है तो ज्यादातर लोग यह कहते हैं कि जाति तो बीते दिनों की बात हो गयी है। हाल में हरियाणा में आरक्षण के आंदोलन ने इसका जवाब दे दिया कि जाति सबसे बड़ी सच्चाई है। लोग सब कुछ खो सकते हैं, लेकिन जाति नहीं। आंदोलनकारी घर-घर, दुकान-दुकान, रास्ते, सड़क, बस, ट्रेन में जाति पूछकर निशाना बना रहे थे। यदि उनकी जाति के थे तो छोड़ दिया और गैर जाति के थे तो करोड़ों का माल जला दिया और जान भी ले ली। अब सवाल यह उठता है कि यह आंदोलन आरक्षण के लिए था कि जातीय पहचान के लिए। जातीय पहचान का आशय यह है कि जिनका दबदबा पहले से चला आ रहा था उनका इस कृत्य के द्वारा भड़ास निकालना और अपने को पुनर्स्थापित करना। जाति के दबादबे को बरकरार रखने के लिए यह भी न सोचा कि सदियों से रह रहे पड़ोसी से कुछ तो भाईचारा था। सरकारी सम्पत्तियों को नष्ट करने से इनको क्या मिला?

हरियाणा और पंजाब में जाट जाति के ही ज्यादातर लोग मुख्यमंत्री रहे हैं। जनतंत्र में अदल-बदल कर सबको शासन-प्रशासन में आने का मौका मिलना चाहिए। कुछ तो गलती हमारी शिक्षा व्यवस्था में है कि यह पढ़ाया नहीं जाता कि जातीय व्यवस्था में अछूतों एवं पिछड़ों को जानवर से भी बदतर स्थिति में हजारों साल रखा गया था। आरक्षण उस अन्याय और वंचित होने के एवज में दिया गया है। ऐसा नहीं है कि दूसरे समाज में भेदभाव न हुआ हो लेकिन वहां की शिक्षा व्यवस्था ने पूर्ति जल्दी की, सच को छुपाकर नहीं बल्कि बार-बार उजागर करके। अमेरिका में अश्वेत कहते नहीं थकते कि वे अश्वेत हैं। उन्होंने अपने सम्मान में तमाम नारे गढ़े हैं, जैसे - 'ब्लैक इज ब्यूटीफुल' आदि। शिक्षण संस्थाओं में रंगभेद को विधिवत पढ़ाया जाता है। हमारे यहां अछूत भी अपनी जाति को छुपाते हैं और जाति का उपनाम बदलकर सवर्ण बनने का प्रयास करते हैं। खटीक को खटीक कहा जाए, चमार को चमार, मेहतर को मेहतर, यह स्वीकार्य नहीं है। जो जातियां भेदभाव की शिकार हैं और नीच श्रेणी की मानी जाती हैं, उनमें यह प्रवृत्ति अक्सर पायी जाती है। शिक्षण संस्थाओं में जाति-व्यवस्था की कुरीतियों का जिक्र नहीं होता। अतः सरकार और समाज दोनो की ओर से इस सच्चाई को उजागर नहीं किया जाता और यही मूल कारण है कि जाति खत्म नहीं हो रही है। यदि यह समझ में आ गया होता तो दबंग जातियां जो आरक्षण मांग रही हैं, वे स्वयं वंचितों के आरक्षण के लिए खड़ी हो जातीं।

पिछले वर्ष अमेरिका के राज्य नॉर्थ कैरेलेना में भारतीयों से मुलाकात करने का मौका मिला। एक बड़े सफल भारतीय डॉक्टर की पत्नी बातों-बातों में कह बैठी कि हमारे बच्चे तो हरफन मौला बन गए हैं। वे यह मानते नहीं कि उनके दोस्त श्वेत हैं या अश्वेत या ट्रांस्जेंडर। बच्चे महसूस ही नहीं करते कि वे अपने स्तर के लोगों से संबंध बना रहे हैं कि नहीं। मैंने महसूस किया कि यदि स्कूल की शिक्षा ने बच्चों की मानसिकता में बदलाव न किया होता तो वे भी अपनी मां-बाप की सोच के होते और अपनी जाति-बिरादरी खोजते या श्वेतों को। लंदन में जहां भारतीयों की बसावट एक साथ है, वहां भारतीय समाज का वही जातीय स्वरुप देखने को मिलता है, जो यहां है। विकसित देशों में भेदभाव और कुरीतियों पर सरकारी एवं सामाजिक स्तर पर बराबर हमला हुआ है और हमारे यहां दोनों स्तर पर ऐसा नहीं के बराबर हुआ है।

कुछ आंकड़े सोशल मीडिया पर बार-बार देखने को मिल रहे हैं। अगर पूरी सच्चाई नहीं है तो भी उसके करीब जरूर होगा। हरियाणा में जाट 63 प्रतिशत मंत्री, 71 प्रतिशत एच.सी.एस., 60 प्रतिशत आई.ए.एस., 69 प्रतिशत आई.पी.एस., 58 प्रतिशत अलाइड ऑफीसर, 71 प्रतिशत अन्य सरकारी विभागों में हैं। इस तरह से हरियाणा में जाट समाज 43 प्रतिशत पेट्रोल पंप के मालिक, 41 प्रतिशत गैस एजेंसी, 39 प्रतिशत सम्पत्ति और 69 प्रतिशत हथियारों के लाइसेंस के मालिक हैं। हमारी समाजिक एवं सरकारी शिक्षा अगर सही तरीके की दी गयी होती तो जाट समाज के लोग आरक्षण लेने के बजाय दबे-कुचलों की वकालत करते जैसा कि तमाम विकसित देशों में हुआ है। अमेरिका और इंग्लैंड में अश्वेतों की आजादी की लड़ाई श्वेतों ने कहीं ज्यादा लड़ी। महान अमरीकी राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन को अपनी जान देनी पड़ी क्योंकि उन्होंने अश्वेतों को आजाद किया था और उसकी वजह से कुछ उन्हीं की बिरादरी के लोग रूष्ट हो गए थे।

डॉ0 उदित राज

गुजरात में भी पटेलों ने आरक्षण के लिए आंदोलन किया जबकि देश ही नहीं बल्कि दुनिया के अमीर जाति-बिरादरी में उनकी गिनती होती है। मान लिया जाए कि आरक्षण खत्म कर दिया जाता है तो क्या सभी सवर्णों की समस्या का समाधान निकल जाएगा। यूनियन सर्विस पब्लिक कमीशन वर्ष में लगभग 1000 अधिकारियों का चयन करती है। परीक्षार्थी 7 से 10 लाख के बीच में होते हैं और उसमें से लगभग 50 प्रतिशत सवर्ण हैं। सवर्णों में शिक्षा ज्यादा है और वे दलित-पिछड़ों के पेशे को आसानी से अपना नहीं सकते, इसलिए जनसंख्या के अनुपात में इस समाज से अभ्यर्थी ज्यादा होते हैं। 50 प्रतिशत आरक्षित वर्ग के लिए निकाल दिया जाए तो शेष बचता है 500 पद तो क्या सभी 3-4 लाख सवर्ण अभ्यर्थियों को नौकरियां मिल जाएंगीं। हमारे यहां सामाजिक आंदोलन का अभाव और शिक्षा व्यवस्था द्वारा सत्य को पठन-पाठन करने की वजह से झूठी मानसिकता बन गयी है कि सवर्ण आरक्षण की वजह से बेरोजगार हैं। दक्षिण भारत में सामाजिक आंदोलन चले और वहां आरक्षण पहले आया और इसी कारण हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार आदि प्रदेशों से वे कहीं आगे निकल गए। 1902 में कोलापुर, महाराष्ट्र में आरक्षण, 1921 में मद्रास, 1935 में मैसूर और इसी वर्ष केरल के त्रावणकोर रियासत में आरक्षण लागू हुआ। उत्तर भारत में दलितों को राजनैतिक आरक्षण 1936 में और सरकारी नौकरियों में 1943 में मिला और पिछड़ों को सुप्रीम कोर्ट के द्वारा 1992 में।

आरक्षण भागीदारी का हथियार है न कि सम्पन्नता और आर्थिक विकास का। जिन जातियों के पास कुछ नहीं है, उनको आरक्षण के माध्यम से मुख्यधारा में लाया गया है। पूरे देश में एक भी दलित वरिष्ठ पत्रकार नहीं मिलता, न ही किसी राष्ट्रीय अखबार और चैनल का मालिक। लगभग 350 विश्वविद्यालय निजी क्षेत्र में हैं, एक का भी मालिकाना हक इनके पास नहीं है। कला और संस्कृति के क्षेत्र में तो अभी ये शून्य ही हैं। शेयर बाजार, वित्त, निजी शिक्षण संस्थाएं इत्यादि किस चिड़िया का नाम है इनमें ज्यादातर को बोध ही नहीं है।

यदि हमारे यहां सामाजिक सुधार हुआ होता और शिक्षा में सत्य क्या है, पढ़ाया गया होता तो दबंग जातियां अपनी पहचान बनाए रखने के लिए ऐसे आंदोलन न करतीं। आरक्षण से ईर्ष्या न पैदा होती। इसके विपरीत दबे कुचलों को सहारा देते, जिससे देश में सबकी क्रय-शक्ति बढ़ती और हमारी अर्थव्यवस्था अब तक विकसित में शामिल हो गयी होती। निजीकरण, आउटसोर्सिंग, सरकारी खर्च में कटौती के कारण नौकरियां आधी रह गयी हैं, फिर भी सम्पन्न लोग इसमें शामिल होने की होड़ लगाए हुए हैं। दुनिया में कोई देश बिना सबका साथ लिए क्या सबका विकास कर सका है? देश हित में यह सबसे बड़ा कार्य होगा कि हम जाति एक सच्चाई है, पहले स्वीकार करें और तभी इसका तिरस्कार संभव है। इस सच्चाई को छुपाने का मतलब कि फोड़े के मवाद को न निकलने देना।

✦✦✦

संत रविदास जयंती में डॉ0 उदित राज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए

डॉ. अंबेडकर वेल्फेयर एसोशिएशन - अकबरपुर माजरा (पंजि.) के तत्वधन में परम पूजनीय संत शिरोमणि सतगुरु श्री गुरु रविदास जी महाराज की 639वीं पावन जयंती के शुभ अवसर की पूर्व संध्या पर श्री गुरु रविदास डीएचआरएम सभा (भजन संध्या) का आयोजन दिनांक 21 फरवरी 2016 दिन रविवार को सायं 5 बजे अंबेडकर चौपाल अकबरपुर माजरा में किया गया।

इस अवसर पर डॉ0 उदित राज, सांसद उत्तर-पश्चिम दिल्ली एवं राष्ट्रीय चेयरमैन, अनुसूचित जाति/जन जाति संगठ्नों का अखिल भारतीय परिसंघ, मुख्य अतिथि थे। जिन लोगों ने विभिन्न आयामों में जैसे - खेल, संस्कृति, शिक्षा एवं अन्य क्षेत्रों में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर योग्यता हासिल की है, उन्हें मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में प्रसिद्ध संत, गायक, और विडियो फिल्म द्वारा गुरु रविदास महाराज जी के आदर्श जीवन-चरित्र एवं उनके त्याग की महिमा का गुणगान किया गया।

इस अवसर पर डॉ. उदित राज ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि जब तक हम समाज को जातियों में विभाजित करते रहेंगे, तब तक समाज का विकास संभव नहीं है। उन्होंने बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर द्वारा रचित भारतीय संविधान का जिक्र करते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर ने किसी जाति के नहीं बल्कि प्रत्येक भारतीय मूलनिवासी के उत्थान के लिए कार्य करने पर ज़ोर दिया। ठीक उसी प्रकार डॉ. भीमराव अंबेडकर जी ने भी अपने समय में शिक्षा, संगठन, संघर्ष एवं महिला उत्थान का कार्य करते हुए हमें प्रेरणा देने का काम किया।

समारोह में डॉ0 अंबेडकर वेल्फेयर एसोशिएशन के महासचिव जगदीश प्रसाद धिरान ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि गुरु रविदास जी ने सदैव मध्ययुगी काल में मूर्ति पूजा व आडंबर का खंडन किया और अपनी रचनाओं के माध्यम से हजारों वर्षों से सताये जा रहे समाज को जताया। श्री गुरु रविदास जी सदैव आपसी भाईचारे को ही सच्चा धर्म मानते थे और कर्म में विश्वास रखते थे। उनके शब्द गुरुग्रंथ साहिब में भी सुसज्जित हैं।

वास्तव में गुरु रविदास जी द्वारा बताए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। आज वर्तमान में भी डॉ. उदित राज जी जाति विहीन समाज के निर्माण में जुटे हुए हैं। मैं पूर्ण विश्वास के साथ कहता हूँ कि हमारे सांसद डॉ. उदित राज जी एक विराट मिशन को लेकर चल रहे हैं और भविष्य में उनके मिशन के सराहनीय परिणाम की संभावना है। वास्तव में गुरु रविदास जी के पावन पर्व पर हमारी सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनके द्वारा बताए मार्ग पर चलते हुए आगे बढ़ें।

समारोह में एसोशिएशन द्वारा डॉ. उदित राज जी को ''अशोक स्मृति चिन्ह" से सम्मानित किया गया। संस्था द्वारा शिक्षा, खेल, कविता, लेखन एवं संस्कृतिक कार्यों में निपुण व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। इनमें प्रमुख नाम इस प्रकार हैं -

1. कुमारी सुषमा (राष्ट्रीय धावक - स्वर्ण पदक विजेता) गाँव जान्टी कलाँ, सोनीपत- (हरियाणा)
2. रोहन कुमार - 18 वर्ष (राष्ट्रीय बोक्सिंग-स्वर्ण पदक विजेता)
3. राजीव धीर - सैदपुरी कवि एवं लेखक को "कलम समृति चिन्ह" से पुरस्कृत किया गया।
4. ज्योति धिरान, कु. मेधा, कु. रिया, कु. अंबिका जोशी एवं पेंटर सोनू को सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति पर "धीर म्यूज़िकल ग्रुप" के लिए पुरस्कृत किया गया।
5. पूर्व विधायक श्री नीलधमन खत्री, श्री लक्ष्मण आर्य - कार्यकारिणी सदस्य - दिल्ली प्रदेश और श्री आर के सौराण - 'अध्यक्ष डॉ. भीम राव अंबेडकर भवन समिति, प्रधान महासचिव - दिल्ली प्रदेश कबीर पंथी जुलाहा मंच - बरवाला' आदि गणमान्य व्यक्तियों को संस्था की ओर से ट्राफी भेंट की गई। समारोह में पूर्व प्रिन्सिपल, कवि एवं लेखक डॉ. जय किशन सब्बरवाल, श्री सुखराम पहलवान, श्री सर्वहित पाल चमार, श्री राम कुमार बौद्ध, श्री सूरत सिंह और एडवोकेट श्री जोगिंदर सिंह ने भी अपने विचार रखे।

- जगदीश प्रसाद धिरान
महासचिव
डॉ. अंबेडकर वेल्फेयर एसोशिएशन
अकबरपुर माजरा - दिल्ली- 110036
मो. 8527780797

19 मार्च को डॉ0 उदित राज पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे

डॉ0 उदित राज (सांसद), राष्ट्रीय अध्यक्ष, अनुसूचित जाति/जन जाति संगठ्नों का अखिल भारतीय परिसंघ 19 मार्च, 2015 को हल्दिया डॉक काम्प्लेस, पश्चिम बंगाल में डॉ0 अम्बेडकर की प्रतिमा पर निर्मित छत और पिलर का उद्घाटन करेंगे। परिसंघ की पश्चिम बंगाल इकाई के पदाधिकारियों को सूचित किया जाता है कि वे 19 मार्च को वहां पर डॉ0 उदित राज जी से मुलाकात कर सकते हैं। प्रदेश में चल रहे विशेष सदस्यता अभियान के अंतर्गत बनाए गए सदस्यों का ब्योरा भी उन्हें वहीं पर सौंप दें। इसके अलावा विभागीय समस्याओं के बारे में भी चर्चा की जा सकती है। वहां पर डॉ0 उदित राज जी के विस्तृत कार्यक्रम की जानकारी हेतु श्री इमैनुएल सिंह से सम्पर्क किया जा सकता है।

- इमैनुएल सिंह
अध्यक्ष,
ऑल इंडिया एस.सी./एस.टी./ओ.बी.सी. इम्प्लाइज
कोर्डिनेशन काउंसिल ऑफ एच.डी.सी. यूनिट,
हल्दिया डॉक काम्प्लेक्स,
पश्चिम बंगाल,
मो. 09434940627,09434031208

दलित समाज लड़ने लगेगा तो दलित नेतृत्व मजबूत होगा : डॉ. उदित राज

आज दलित समाज को भक्ति के साथ साथ शक्ति की भी आवश्यकता है : रामविलास पासवान

